# अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 29 अक्तूबर 2025
कार्तिक शुक्ल अष्टमी
विक्रम संवत 2082

PAGE NO : 04 MIDDLE


## मुस्कान और नीलम बिष्ट के अर्धशतक से जीत का आगाज

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी वूमन क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन फर्स्ट का मंगलवार को श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आगाज हुआ। पहले दिन एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और देहरादून स्ट्राइकर्स वूमंस ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर विजयी शुरुआत की।

पहले मैच में दिल्ली दबंग की कप्तान गरिमा बिष्ट ने टॉस जीतकर एसआरएमएस को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। एसआरएमएस ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 153 रन का स्कोर खड़ा किया। मुस्कान ने 54 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से शानदार 61 रन बनाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली दबंग वूमंस की टीम एसआरएमएस की सटीक गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सकी। टीम 20 ओवर में सात विकेट खोकर 91 रन ही बना सकी। एसआरएमएस ने यह मैच 62 रन के बड़े अंतर से जीत लिया। मुस्कान को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी 20 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में शॉट लगाती खिलाड़ी। स्रोत : संस्था

### टी-20 महिला क्रिकेट टूर्नामेंट में पहले दिन खेले गए दो मुकाबले

दूसरे मैच में देहरादून की कप्तान आराधना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खोकर 132 रन बनाए। नीलम बिष्ट ने 41 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से शानदार 51 रन की पारी खेली।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी हल्द्वानी क्वींस की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 124 रन ही बना सकी। नीलम बिष्ट ने 51 रन बनाने के साथ ही चार विकेट लिए। एक खिलाड़ी को रनआउट किया। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में अंपायरिंग हृदेश कुमार और सौरभ कुमार ने की, जबकि कमेंट्री यूसुफ अंसारी ने संभाली।